कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, हापुड़।

पत्रांक C-1519 /जि0का0अ0/आ0बा0चयन/2023–24 दिनांक 13-3-24

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद हापुड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है :–

क0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण	रिक्त पदों का विवरण
			आंगनबाड़ी कार्यकत्री
01	हापुड़	ग्रामीण	41
02	सिम्भावली	ग्रामीण	29
03	धौलाना	ग्रामीण	21
04	गढमुक्तेश्वर	ग्रामीण	47
	योग	**ग्रामीण**	**138**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभावार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, विकास खण्ड एवं परियोजना कार्यालय इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड़ है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यथी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम सभा का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 03.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यकम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

(ज्ञान प्रकाश तिवारी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
हापुड़।

All letter 2021-22

Scanned By Camera Scanner

सूचना विज्ञप्ति के लिये नहीं।

कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, हापुड़।

पृष्ठांकन संख्या C-1519 /तददिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ।

2– जिलाधिकारी, महोदया, हापुड़।

3– मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, हापुड़।

4– जिला सूचना अधिकारी, हापुड़ को इस निवेदन के साथ कि वह उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन एक स्थानीय (दैनिक जागरण) एवं एक प्रदेश स्तर (हिन्दुस्तान) के समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

5– सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति का विज्ञापन न्यूनमत स्थान एवं न्यूनतम शासकीय दरों के साथ अपने समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

6– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद हापुड़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

7– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद हापुड़ को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति के साथ आरक्षण की सूची सूचना पट पर चस्पा करें तथा कलेक्ट्रेट, विकास भवन, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय पर भी चस्पा करायें। साथ ही सम्बन्धित ग्राम प्रधान से अपने ग्राम की पात्र महिला आवेदिका के आवेदन कराने हेतु अपने स्तर से सूचित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
हापुड़।

14/3 H D 14-3-24 13/3/24

प्राप्त की
शिव कुमार
13-3-2024

राहुल तोमर
प्राप्त किया

13/3/024

Rcd
13/3/24

All letter 2021-22